सशक्तीकरण के लिए दौड़ीं बालिकाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस लाइन से रन फॉर एंपावरमेंट की दौड़ लगातीं महिला आरक्षी व छात्राएं।- स्रोत: पुलिस

श्रावस्ती। मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन से रन फॉर एंपावरमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी राहुल भाटी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में 250 से अधिक बालिकाओं ने शामिल होकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्तीकरण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। रन फॉर एंपावरमेंट में अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा की 30 एनसीसी कैडेट्स, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिनगा व जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा की 250 से अधिक छात्राएं शामिल हुईं। छात्राओं को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि आत्मविश्वास, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से प्रत्येक बालिका अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती है।

हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी जरूरी : एएसपी

महिलाओं को जागरुक करतीं महिला आरक्षी। - स्रोत: पुलिस

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत शुक्रवार को विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों व शक्ति दीदियों ने जागरूकता चौपाल का आयोजन किया। एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि चौपाल में मौजूद महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी बेहद जरूरी है। चौपाल में मौजूद महिलाओं को महिला हितैषी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं महिला सम्मान कोष आदि की जानकारी भी दी गई। (संवाद)